RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : मंगलवार 04 जुलाई 2023 वर्ष 05 अंक 72 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## माहिम में निर्माण के लिए बिल्डिंग को तोड़ना लोगों के लिए मुसीबत !

## फुटपाथ भी लोगों के लिए बंद?



**मुंबई :** माहिम में निर्माण के लिए बिल्डिंग को तोड़ना लोगों के लिए मुसीबत का सबक क्योंकि बिना किसी सुरक्षा उपाय के बरसात में जेसीबी बुलडोजर से इमारत को ध्वस्त करते समय को सुरक्षा उपाय नही । निर्माण माहिम कैडल रोड बिल्ला बोंग स्कूल के सामने चल रहा है। सोमवार को इमारत के कुछ हिस्से पड़ोसी इमारत में गिर गए पड़ोसी इमारत मदीना मेन्शन पर हिस्से गिरने से इमारत हिलने लगी और दीवार पर लगी लोगो के पानी की मोटरें टूट गईं।

लोगों को भी हो रही परेशानी फुटपाथ भी लोगों के लिए बंद कर दिया गया है. पिछले सप्ताह कैडल रोड से गुजर रही कार पर भी पत्थर गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई थी लोगों का कहना है कि इमारत के बाकी हिस्सों पर उचित कवर होना चाहिए, कोई बड़ी घटना नहीं होनी चाहिए और फुटपाथ को भी साफ करना चाहिए क्यों कि जेसीबी बुलडोजर से इमारत को ध्वस्त करते समय फुटपाथ पर मलबा जमा हुआ है और लोगों के लिए शुरू करना चाइये ।

# जीएसटी मनपा के लिए बन रही बरदान

## दूसरी महानगर पालिकाओं को सहना पड़ रहा नुकसान

### मनपा की कुल कमाई का एक चौथाई पैसा जी एस टी से मिल रहा...

**मुंबई :** जीएसटी मुंबई महानगर पालिका के लिए बरदान साबित हो रहीं है। मनपा को जीएसटी का फायदा इस लिए मिल रहा है क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी लागू करने के दरम्यान मुंबई मनपा राज्य में एकमेव महानगर पालिका थी जहा पर चुंगी वसूली जा रही थी। मनपा को राज्य सरकार से जीएसटी का हर माह लगभग 1 हजार 27 करोड़ से अधिक और साल भर में लगभग 12 हजार 344 करोड़ रुपया मिल रहा है। मनपा को राज्य सरकार से जीएसटी का मिलने वाला पैसा कुल कमाई का लगभग एक चौथाई है। उल्लेखनीय है कि मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने रविवार को मनपा मुख्यालय में पत्रकार सम्मेलन लेकर मनपा के काम काज और मनपा में घोटाले के आरोपों पर




खुलासा किया और यह जानकारी दी कि किस तरह मनपा बैंको में फिक्स डिपोजिट रख कर सुदृढ़ बनी हुई है। मनपा आयुक्त चहल ने जानकारी दी कि 2020 के बाद मनपा की तिजोरी पर कुछ भार जरूर पड़ा लेकिन मनपा ने बेस्ट उपक्रम को सुदृढ़ करने और एमएसआरडीसी का पिछले 5 साल का बकाया पैसा देने के कारण कुछ तिजोरी पर भार पड़ा। मनपा की कमाई का मुख्य स्त्रोत 2017 तक चुंगी था। केंद्र सरकार के निर्देश पर चुंगी 2017 में बंद की गई।राज्य में मुंबई मनपा एकमेव महानगर पालिका थी जहा पर चुंगी वसूल की जा रही थी। राज्य सरकार द्वारा जीएसटी लागू किए जाने के दौरान यह निर्णय लिया गया कि मुंबई मनपा को अगले 5 साल तक चुंगी की कमाई होने वाली के अनुसार हर साल बढ़ोत्तरी करते हुए चुंगी का होने वाले नुकसान का पैसा दिया जाए।मनपा को राज्य सरकार से वर्ष 2017 में सालाना 746 करोड़ रुपया मिल रहा था। मनपा को अब 5 साल बाद जीएसटी में कमाई बढ़कर 12 हजार करोड़ के करीब पहुंच गई है। चुंगी बंद होने और जीएसटी का मिल रहे नुकसान भरपाई 5 साल भी एक निश्चित दर के अनुसार मिलता रहेगा।इस तरह का निर्णय वर्ष 2017 के अधिवेशन में लिया गया था।राज्य सरकार के वर्ष 2017 में लिए गया निर्णय का फायदा मुंबई मनपा को अब मिल रहा है। जीएसटी लागू होने के 5 साल भी राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान से मुंबई मनपा की तिजोरी में बढ़ोत्तरी हो रही है और मनपा पर किसी तरह का बोझा नही पड़ रहा है।

# 4082 घरो की निकली है लॉटरी

## म्हाडा घरो के लिए आए एक लाख से अधिक आवेदन

### आवेदन करने की 10 जुलाई है अंतिम तिथि




**मुंबई :** म्हाडा मुंबई हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 4082 घरो के लिए निकाली गई लॉटरी में सोमवार तक एक लाख से अधिक लोगो ने घर पाने के लिए आवेदन कर दिए है। जबकि 73151 आवेदकों ने अनामत जमा राशि का भी भुगतान कर दिया है। मुंबई में घरों का सपना संजोए लोग 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। म्हाडा मुंबई मंडल ने 22 मई 2023 को 4082 घरो की लॉटरी निकाली। म्हाडा द्वारा निकाली गई लॉटरी में अत्यल्प उत्पन्न के लिए 843 घर ,अल्प उत्पन्न के लिए 1034 घर,मध्यम उत्पन्न के लिए 138 घर और उच्च उत्पन्न के लिए 120 घर सहित प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत कुल 1947 घरों सहित 4082 की लॉटरी निकाली गई। मुंबई बोर्ड ने हाल ही में नागरिकों के और अधिक सहभाग होने और घरो का सपना सजोए लोगो को उनके सपने को पूरा करने के लिए आवेदन करने की तारीख पहले ही 10 जुलाई तक बढ़ा दी है। आवेदक 10 जुलाई को शाम 06.00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं और रात 11.59 बजे तक जमा राशि का ऑनलाइन भुगतान (oflife pymeft) कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदक 12 जुलाई 2023 को संबंधित बैंक के कार्यालय समय तक जमा राशि का भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से कर सकते हैं। म्हाडा 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे आवेदनों की ड्राफ्ट सूची म्हाडा की वेबसाइट https://housifg.mhd.gov.if पर जारी करेगी। ड्राफ्ट सूची पर लोग 19 जुलाई तक ऑनलाइन दावा-आवेदन दाखिल कर सकेंगे। आवेदनों की अंतिम सूची 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे म्हाडा वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।लॉटरी जुलाई के आखिरी सप्ताह अथवा अगस्त महीने में होगी।मुंबई बोर्ड ने आवेदकों से मार्गदर्शन के लिए हेल्पलाइन नंबर 022-69468100 पर संपर्क करने का अनुरोध किया है।

# बोरीवली स्टेशन पर बन रहे स्काईवॉक का बढ़ा खर्च

## 85 करोड़ पंहुचा खर्च...

**मुंबई :** बोरीवली स्टेशन (पूर्व) से ओंकारेश्वर मंदिर तक महात्मा गांधी रोड पर बनने वाले स्काईवॉक का खर्च बढ़ गया है। मनपा इसके पहले बांद्रा स्थित बनने वाले स्काईवाक का खर्च बढ़ाया था। मनपा ने बोरीवली में बनने वाले स्काईवॉक का ठेका लगभग 75 करोड़ का दिया था जिसमे अब 13 करोड़ की बढ़ोत्तरी होने की जानकारी देते हुए कुल खर्च 88 करोड़ पहुंचा दिया है। बोरीवली स्काईवॉक निर्माण के लिए मनपा ने 74,97,92,538 रूपए का ठेका एपीआई सिविलकॉन प्रा. लि. को दिया था। ठेकेदार को मानसून को छोड़कर 36 माह में स्काईवॉक तैयार करना था। स्काईवॉक निर्माण के दौरान श्रीकृष्ण नगर ब्रिज



का एक हिस्सा ढह गया. जब ब्रिज का निरीक्षण किया गया तो पता चला कि ब्रिज जर्जर हो चुका है.मनपा सहायक आयुक्त 'आर/सेंट्रल' वार्ड द्वारा ब्रिज को तुरंत यातायात के लिए बंद कर दिया गया। यह ब्रिज अभिनव नगर, श्रीकृष्ण नगर और वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाला एकमात्र ब्रिज है. जिसके चलते स्थानीय प्रतिनिधियों और नागरिकों ने उक्त ब्रिज का तत्काल पुनर्निर्माण किए जाने की मांग रखी। स्काईवॉक के निर्माण में कई बदलाव किए गए जिसके चलते स्काईवॉक के निर्माण खर्च की लागत 13 करोड़ रुपए बढ़ गई है. नए प्रस्ताव के अनुसार अतिरिक्त कार्यों के कारण मूल कार्य का दायरा बढ़ गया है। मूल कार्य के साथ अतिरिक्त कार्य कराना आवश्यक होने के कारण मनपा अब पहले से तय कीमत 74,97,92,538 रुपये से बढ़कर 8593.29.631 रुपये की मंजूरी दी है। नशेड़ियों, भिखारियों का अड्डा बने है स्काईवॉक मुंबई में कुल 36 स्काईवॉक बनाए गए हैं। इनमें से कई स्काईवॉक ऐसे हैं जिनकी उपयोगिता ही नहीं है। स्काईवॉक पर नशेड़ियों, भिखारियों का अड्डा बन गए हैं।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चाचा और भतीजा

अजीत पवार के नेतृत्व में बगावत न केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि महाविकास आघाड़ी के लिए भी। यह विपक्षी एकता के लिए भी एक बुरी खबर है। ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश के बाद सबसे अधिक लोकसभा सीटें हैं। अजीत पवार इसके पहले भी चाचा शरद पवार से विद्रोह करके भाजपा के साथ गए थे और गुपचुप तरीके से उप मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ली थी, लेकिन किन्हीं कारणों से चंद घंटों के अंदर ही वापस लौट गए थे। इस बार इसके कोई आसार नहीं, क्योंकि उनके साथ राकांपा के कई अन्य विधायकों ने भी शिंदे सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इसके अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजीत पवार दावा कर रहे हैं कि वह असली राकांपा हैं और उनके साथ अधिसंख्य विधायक हैं।

अजीत पवार ने शरद पवार के साथ वही किया, जो एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के साथ किया था। भले ही शरद पवार अपनी पार्टी को फिर से खड़ा करने का दम भरें, लेकिन अब इसकी संभावना बहुत क्षीण है, क्योंकि एक तो उनकी उम्र हो गई है और दूसरे वह पुत्री मोह से ग्रस्त हैं। अजीत पवार चुप नहीं बैठेंगे, इसका आभास उन्हें उसी दिन हो जाना चाहिए था, जिस दिन उन्होंने बेटी सुप्रिया सुले को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया था। ऐसा करके उन्होंने अजीत पवार को किनारे करने का ही काम किया था।

राकांपा में फूट कोई नई-अनोखी बात नहीं। परिवारवादी दलों में ऐसा होता ही रहता है। पार्टी विशेष के प्रमुख अपने बेटे-बेटियों को जब आवश्यकता से अधिक प्राथमिकता देते हैं तो कई बार निकट संबंधी ही उनके खिलाफ विद्रोह कर देते हैं। महाराष्ट्र में ही बाला साहब ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने इसीलिए बगावत की थी, क्योंकि उन्होंने बेटे उद्धव ठाकरे को पार्टी की बागडोर सौंपने का फैसला कर लिया था। एक समय समाजवादी पार्टी में शिवपाल यादव भी अलग राह पर चलने के लिए विवश हुए थे। तेलुगु देसम पार्टी में भी ऐसा हो चुका है। चंद्रबाबू नायडू ने ससुर एनटी रामाराव का तख्ता पलट दिया था। परिवारवादी दलों में केवल निकट संबंधी ही विद्रोह नहीं करते। कई बार परिवार के बाहर के नेता भी अलग राह पर चल निकलते हैं, क्योंकि पार्टी पर परिवार के लोगों के वर्चस्व के चलते उन्हें अपना भविष्य अंधकार में दिखने लगता है। इसका एक उदाहरण एकनाथ शिंदे हैं। परिवारवादी दलों में टूट-फूट केवल इसलिए नहीं होती कि उनके मुखिया बेटे-बेटियों की योग्यता और क्षमता की अनदेखी कर उन्हें आगे बढ़ाते हैं, बल्कि इसलिए भी होती है, क्योंकि वे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलते हैं। इसके अलावा राजनीतिक मूल्य और सिद्धांत उनके लिए दिखावे की चीजें होती हैं। वे जनहित और देशहित की आड़ लेकर किसी भी पाले में खुशी-खुशी खिसक जाते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एनसीपी में सीएम उम्मीदवार थे... अब बीजेपी में चले गए

## अजित पवार की बगावत के बाद बोले भतीजे रोहित पवार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासत में अजित पवार की बगावत के बाद भूचाल आ गया है. अजित पवार ने रविवार (2 जुलाई) को एकनाथ शिंदे के समर्थन में डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली. सोमवार (3 जुलाई) को सरकार में शामिल एनसीपी के मंत्रियों की सुबह 11 बजे अजित पवार के घर पर बैठक होने जा रही है. इस पूरे वाकया के बाद एनसीपी नेता रोहित पवार की प्रतिक्रिया सामने आई है. शरद पवार के परपोते और एनसीपी नेता रोहित पवार ने कहा, 'बीजेपी आगे के कॉम्पिटीशन को खत्म करना चाहती है. राजनीति निचले स्तर पर आ गई है. मतदाताओं को लग रहा है कि उन्होंने क्यों वोट किया. मुझे खुद लग रहा है कि मैं राजनीति में क्यों हूं. अजित पवार जब एनसीपी में थे तब वो सीएम उम्मीदवार थे. उन्होंने यहां काफी अच्छे पदों पर काम किया है. अब वो बीजेपी में चले गए हैं, पार्टी और संख्याबल किसके पास है. यह अगले दो दिनों में सब स्पष्ट होगा.'

### 'मेरी निजी जिंदगी में अजित पवार ने बहुत मदद की..'

रोहित पवार ने आगे कहा, अजित पवार हमारे काका हैं, उन्होंने राजनीतिक और मेरे निजी जीवन में बहुत मदद की है. पार्टी और संख्याबल किसके पास है अगले दो दिनों में सब स्पष्ट हो जाएगा. निजी तौर पर हमारे रिश्ते और उनके प्रति सम्मान हमेशा रहेगा. मेरी निजी जिंदगी में भी अजित पवार ने बहुत मदद की है. एनसीपी नेता रोहित पवार कर्जत-जामखेड निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं. वह रिश्ते में शरद पवार के परपोते और अजित पवार के भतीजे हैं. साथ ही रोहित पवार बिजनेसमैन भी हैं, वे बारामती एग्रो लिमिटेड के सीईओ हैं. रोहित पवार ने 2017 में पुणे के बारामती तालुका में शिरसुफल-गुनावाड़ी क्षेत्र से जिला परिषद चुनाव लड़ा और जीता था.

# तीन दिन में ३ लोगो की कुएं में डूबने से मौत!



**वसई :** वसई पूर्व के वाघरापाडा क्षेत्र में एक १३ वर्षीय लड़के की कुएं में डूबने से मौत होने की घटना सामने आई है। इस मामले में वालीव पुलिस स्टेशन ने सीआरपीसी कलम १७४ के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है। बता दे कि, ३ दिन में ३ लोगो के कुएं में डूबने से मौत हो चुकी है। मिली जानकारा के अनुसार, अंकेश महेंद्र गुप्ता १३ वर्ष, निवासी-वाघरापाडा, वसई पूर्व में रहता है। बताया गया है कि ३० जून को दोपहर लगभग १ बजे के आसपास खेलने के लिए सि.टी.टु. भुतबंगला स्थित मैदान पर गया था, खेलते समय वह मैदान के पास एक कुएं में गिर गया और उसकी डूबने से मौत हो गयी। पुलिस शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बैग में 13 करोड़ रु, कीमत की कोकीन लेकर पहुंचा विदेशी नागरिक

## कस्टम विभाग ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 1.3 किलो कोकीन जब्त की है। इस कोकीन की अनुमानित कीमत 12.98 करोड़ रुपए है। कस्टम विभाग ने एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कोकीन को एक बैग में छिपाकर लाया जा रहा था।

गौरतलब है कि मुंबई एयरपोर्ट पर ही कस्टम विभाग ने इसी साल जनवरी में भी 28 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त की थी। उस दौरान भी आरोपी एक बैग में छिपाकर कोकीन की तस्करी कर रहे थे। वह कोकीन अदीस अबाबा से भारत लाई गई थी। इस मामले में कस्टम विभाग ने एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया था। आरोपी व्यक्ति नैनीताल का निवासी था और उसे किसी महिला ने सोशल मीडिया के जरिए कोकीन भारत लाने के लिए तैयार किया था।

# पड़ोसी ने चाकू घोंपकर युवक की हत्या की, गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई के पूर्वी उपनगर मुलुंड में आपसी विवाद को लेकर 33 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसी ने रविवार को कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सिद्धार्थ नगर में सिविक मार्केट के पास स्थित स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) की एक इमारत में हुई। उन्होंने कहा कि मुकेश शेट्टी नाम के व्यक्ति की उसके 21 वर्षीय पड़ोसी ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। अधिकारी के मुताबिक, दोनों के बीच कुछ महीने पहले झगड़ा हुआ था और आरोपी कथित तौर पर पीड़ित के प्रति द्वेष रखता था। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# महाराष्ट्र तो झांकी, इस राज्य में बड़ा धमाका बाकी...?

## सुलग रही बगावत की आग'

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार से उन्हीं के भजीते अजित पवार ने बगावत कर दी. अजित पवार एनसीपी को दो फाड़ कर अपने समर्थकों के साथ शिंदे सरकार में शामिल होकर फिर से डिप्टी सीएम बन गए हैं. साथ ही अजित पवार ने नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सिंबल पर दावा ठोकने की बात की. उन्होंने कहा, 'हम सारे चुनाव पार्टी के सिंबल पर लड़ेंगे.' इधर अजित पवार के बीजेपी-शिवसेना के सत्ता वाले गठबंधन से हाथ मिलाया. उधर महाराष्ट्र विधानसभा में लीडर ऑफ ओपोजिशन का पद जितेंद्र आव्हाड के हिस्से में आया. आव्हाड अभी बची-खुची पार्टी को वफादारी का सबक सिखा ही रहे थे कि केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बिहार को लेकर बहुत बड़ी बात कह दी. रामदास आठवले ने कहा, अजित पवार जमीनी नेता हैं. उनके साथ एनसीपी है. शरद पवार और सुप्रिया सुले का खेल खत्म हो गया. जैसा महाराष्ट्र में हुआ है वैसा ही बिहार में होने जा रहा है. अभी आठवले का बयान डिकोड भी नहीं हुआ था कि बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एनसीपी की टूट के लिए वंशवाद को वजह बता दिया.' सम्राट चौधरी ने कहा, जहां जहां ऐसे नेता होंगे जो केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति करेंगे उनकी पार्टी का यही हाल होने वाला है.



**महाराष्ट्र जैसी स्थिति बिहार में भी संभव!**

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी ने बिहार में भी महाराष्ट्र जैसे हालात बनने का दावा किया है. उन्होंने कहा, ''शरद पवार की पार्टी एनसीपी में विद्रोह विपक्षी एकता की पटना बैठक का परिणाम है, जिसमें राहुल गांधी को प्रोजेक्ट करने की जमीन तैयार की जा रही थी. बिहार में भी महाराष्ट्र-जैसी स्थिति बन सकती है, इसे भांप कर नीतीश कुमार ने विधायकों से अलग-अलग (वन-टू-वन) बात करना शुरू कर दिया.'' उन्होंने आगे कहा, 'जेडीयू के विधायक-सांसद न राहुल गांधी को स्वीकार करेंगे, न तेजस्वी यादव को. पार्टी में भगदड़ की आशंका है.


# एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल एनसीपी विधायकों पर क्या ऐक्शन लेगी पार्टी?

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार दोपहर उस वक्त भूचाल आ गया, जब पता चला कि एनसीपी नेता और राज्य में विपक्ष के पूर्व नेता अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजभवन में आयोजित समारोह में अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। तो अब राज्य में दो उपमुख्यमंत्री होंगे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार। अजित पवार के साथ एनसीपी के 8 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसमें छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ जैसे शरद पवार के बेहद करीबी माने जाने वाले नेता शामिल हैं। इसके बाद एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने वर्तमान में एनसीपी की सटीक भूमिका को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस मौके पर उन्होंने एनसीपी, अजित पवार, शपथ लेने



वाले विधायकों और अजित पवार का समर्थन करने वाले विधायकों की भूमिका पर बेबाक राय रखी। साथ ही उन्होंने अजित पवार को एक साल पहले दिए गए ऑफर के बारे में भी बताया। जयंत पाटिल ने बताया कि पिछले साल जब अजित पवार विपक्ष के नेता बने, मैं विपक्ष का नेता था, मुझसे कहा गया कि आपको प्रदेश अध्यक्ष बनना चाहिए। उस समय वे विपक्ष के नेता बनना चाहते थे। भुजबल, हसन मशरिफ ने मुझसे कहा कि मैं पार्टी का काम देखूं।

# शपथ की तैयारी है, देखने जा रहा हूं... छगन भुजबल ने शरद पवार से ऐसा कहा और बन गए मंत्री



**मुंबई:** पिछले कुछ दिनों से बीजेपी में शामिल होने की चर्चा को लेकर संशय में चल रहे अजित पवार आखिरकार रविवार को शिंदे-फडणवीस सरकार के पास चले गए। बताया जा रहा है कि उनके साथ एनसीपी के 40 विधायक हैं। शिंदे-फडणवीस सरकार से हाथ मिलाने के बाद अजित पवार ने तुरंत उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ आए 8 एनसीपी विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। अजित पवार की इस हरकत से जाहिर तौर पर राजनीतिक गलियारों में बड़ा भूचाल आ गया है। हालांकि, इन सभी घटनाक्रमों के बाद शरद पवार काफी सख्त नजर आ रहे हैं। शरद पवार ने रविवार को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इन सभी हालातों पर बयान दिया।

शरद पवार ने अजित पवार के साथ मंत्री पद की शपथ लेने वाले एनसीपी के 8 विधायकों समेत प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे पर भी कार्रवाई करने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के ढांचे में जो लोग हैं, उनके बारे में फैसला लेना होगा। उधर, शरद पवार ने भी कहा कि अजित पवार के साथ गए कुछ विधायक उनके संपर्क में हैं। शपथ ग्रहण समारोह में गए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों ने मुझे बुताया। हमें यहां (राजभवन में) बुलाया गया, हमारे साइन लिए गए लेकिन हमारी भूमिका अलग है। उन्होंने कहा कि हम दो-तीन दिन में आपसे आकर मिलेंगे। इसके अलावा मेरी किसी और से बात नहीं हुई है। पवार ने कहा कि मंत्री पद की शपथ लेने वाले एनसीपी के 9 विधायकों में से केवल छगन भुजबल ने मुझसे बात की। रात के समय ऐसा लगता है कि हर कोई लोनावला में है। छगन भुजबल ने मुझसे कहा कि जो कुछ भी हो रहा है वह ठीक नहीं है। मैं वहां जाऊंगा और आपको बताऊंगा कि क्या हो रहा है। शरद पवार ने कहा कि इसके बाद छगन भुजबल ने मुझे बताया कि वह सीधे शपथ ले रहे हैं। इन सभी घटनाक्रमों के बाद जितेंद्र अव्हाड को विपक्षी दल के नेता और एनसीपी के मुख्य उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

# बॉम्बे हाई कोर्ट के सुप्रसिद्ध एडवोकेट श्री विनय कुमार दूबे नई दिल्ली में हुए ''प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत सम्मान'' से हुए सम्मानीत




**नई दिल्ली :** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत संगठन द्वारा सम्मान समारोह रखा गया जिसमें देश के विविध राज्यों से सम्माननीय लोगो ने उपस्थिति दर्ज करवाई, संगठन ने एडवोकेट विनय कुमार दुबे द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों और योगदान को देखते हुए ''प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत सम्मान'' से सम्मानीत किया, ज्ञात हो दुबेजी पिछले कई वर्षों से सामाजिक कल्याण कार्य में लगे है और हमेशा तत्पर रहते है, वे भारत के कई सामाजिक कल्याण संगठनो से जुड़े हुए है और सभी में उनका परस्पर सहयोग रहता है इनमें ज्ञानोदय सेवा समिति, ब्राह्मण एकता मंच चैरिटी ट्रस्ट, गांधी विचार मंच व भारतीय संस्कृति सुरक्षा फाउंडेशन प्रमुख है हाल ही में उन्होंने वकील बिरादरी पर पोलिस द्वारा हो रहे अत्याचारों के खिलाफ प्रमुख भूमिका निभाई थी और सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल की माँग की थी, श्री दुबे ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में किसानो और मजदूरो के कल्याण के लिए प्रमुख अग्रणी भूमिका निभाई है, इन कार्यों को देखते हुए सरकार ने उन्हें हिन्दी सलाहकार समिति, राजभाषा, गृहमंत्रालय में सदस्य के रूप में ज़िम्मेदारी हाल ही में दी थी, कार्यक्रम के इस मौके पर संघटन प्रमुख मार्गदर्शक श्री प्रेमकुमार पाण्डेजी ने दुबे जी को बधाईया दी और निरंतर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रयत्नशील रहने को कहा, बता दें कि कार्यक्रम में भारत में डेनमार्क के राजदूत माननीय श्री फ्रेडी स्वाने जी ने उपस्थिति दर्ज कराई और उन्होंने प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों की पुरजोर प्रशंसा की, साथ ही साथ कार्यक्रम में भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री श्री रमेश चंद्र रत्न, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया और महाराष्ट्र भाजपा नेता श्री कपिलराज वर्मा ने भी उपस्थिति दर्ज कराई श्रीमती भाटिया ने माननीय प्रधानमंत्रीजी द्वारा महिलाओं के प्रति बनाये नियमों और सुविधाओं की तारीफ की और सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यों का उल्लेख किया, श्री दुबे ने सरकार द्वारा विगत नौ वर्षों में गरीबों और दुखीयारो की मदत और कल्याण करने वाली चलाई जाने वाली योजनाओं और कार्यों का संछिप्त वर्णन किया और माननीय प्रधानमंत्री मोदीजी को सितारों के बिच चमचमाता चंद्रमा कहा और सभी को बधाइयाँ दी।

# मीरा भायंदर पुलिस को धमकी भरा कॉल

■ संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर पुलिस कंट्रोल रूम में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और आतंकवादी हमले की धमकी दी। कॉल से शख्स ने दावा किया कि दो आतंकी मीरा भयंदर शहर में हमला करने वाले हैं. इसके बाद पुलिस मुंबई पुलिस को कॉल करने वाले अज्ञात शख्स की तलाश कर रही है.

मिली जानकारी के मुताबिक, मीरा भयंदर कंट्रोल रूम को बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति से फोन आया जिसमें मीरा भयंदर शहर में दो आतंकवादी हमले करने की धमकी दी गई। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति का फोन नंबर चेक किया. पुलिस के सामने यह बात दो फोन नंबरों से आई। इनमें से एक कॉल मुंबई के दहिसर इलाके की निकली. दोनों नंबरों में से एक नंबर वेश्या का है. आगे की जांच करने पर, तस्कर ने बताया कि किसी ग्राहक ने




झगड़े से नाराज होकर मेरा फोन नंबर लीक कर दिया था। इस संबंध में मुंबई कंट्रोल रूम इस फोन नंबर की गहन जांच कर रहा है. इससे पहले भी मीरा भयंदर पुलिस कंट्रोल सेल पर दो बार घात लगाकर आतंकी हमले की धमकी दी गई थी। लेकिन पुलिस ने फोन करने वालों को हिरासत में ले लिया था.

# स्कूल की जमीन हड़पने, पैसे वसूलने के आरोप

## छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

■ संवाददाता

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में निजी स्कूल की जमीन हड़पने और उसके प्रबंधन से पैसे वसूलने की कोशिश करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।




### क्या है मामला?

कलवा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने मंगलवार को यहां कलवा थाने में शिकायत दर्ज कराई कि चॉल (किराये) का निर्माण करने और उन्हें किराए पर देने के बहाने 29 सितंबर 2022 को आरोपी ने स्कूल परिसर में खुदाई का काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि जब प्रबंधन ने इस पर आपत्ति जताई तो आरोपियों ने कथित तौर पर स्कूल की संपति में तोड़फोड़ की और संस्थान चलाने देने के लिए प्रबंधन से पैसे ऐंठने की भी कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# इमारतों के स्लैब गिरने की घटनाएं, कभी भी घट सकता है बड़ा हादसा

**उल्हासनगर :** हर साल कहीं न कहीं इमारतों के गिरने से लोगों की मौत होने की खबरें सामने आती रहती हैं। जानकारों का कहना है कि २५ सालों में अब तक ५० के करीब इमारतें या फिर इमारतों के स्लैब गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिसमें ६० के करीब लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। १२ साल पहले शीशमहल अपार्टमेंट, मां भगवती, नीलकंठ, शिवसागर, रानी मां, महालक्ष्मी, शांति पैलेस, सन्मुख सदन, स्वामी शांतिप्रकाश अपार्टमेंट, सोना मार्केट, गुडमैन



कॉटेज, नेहरू पार्क, हमलोग अपार्टमेंट, पारसमणी, सिंधरी सागर, लक्ष्मीनारायण, आशीर्वाद मार्केट, माधुरी कॉम्प्लेक्स, मलिका महल, मुरलीवाला, सत्यम कॉम्प्लेक्स, साई आशाराम अपार्टमेंट, मेमसाब, मंदार अपार्टमेंट, साई एम्पायर, शिवलीला, नवचंद्रिका, अंबिका सागर अपार्टमेंट, महक अपार्टमेंट, ओम शिवगंगा सोसायटी, मोहिनी पैलेस, साईशिक्त अपार्टमेंट, पारस पैलेस, देवऋषि बिल्डिंग, स्वामी नारायण पैलेस, कोमल पार्क जैसी इमारतों के स्लैब गिर चुके हैं। इन दिनों उल्हासनगर कैंप नंबर ३ में स्थित द्वारकाधाम इमारत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इमारत का स्लैब झुका हुआ है। आए दिन इमारत के अंदर का कुछ ना कुछ हिस्सा गिरते रहता है इसके बावजूद यहां दर्जनों लोग रह रहे हैं। उल्हासनगर मनपा यदि समय रहते

# लोकल ट्रेन में महिला के साथ बदसलूकी, संदिग्ध की हुई पहचान

■ संवाददाता

**मुंबई.** लोकल ट्रेन में एक व्यक्ति के 24 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 23 जून की रात को पश्चिमी रेलवे के चर्नी रोड और ग्रांट रोड रेलवे स्टेशन के बीच हुई।

# बॉम्बे हाईकोर्ट में लखन भैया फर्जी एनकाउंटर मामला

## दो याचिकाओं पर शुरू होगी नियमित सुनवाई

■ संवाददाता

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट में कथित गैंगस्टर रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी एनकाउंटर मामले को लेकर दायर दो याचिकाओं पर सोमवार से नियमित सुनवाई होगी। अंधेरी (प.) के वर्सोवा इलाके के नाना-नानी पार्क के पास रामनारायण



विश्वनाथ गुप्ता उर्फ लखन भैया का 11 नवंबर 2006 को फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया था। इस मामले में मुख्य गवाह अनिल भेड़ा की गवाही से पहले ही हत्या कर दी गई थी। पिछले 13 साल से राज्य सीआईडी भेड़ा की हत्या मामले की जांच कर रही है।

### राम प्रसाद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई



पिछले दिनों न्यायमूर्ति रेवती मोहिते ढेरे और गौरी गोडसे की खंडपीठ के समक्ष वकील राम प्रसाद गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। याचिका में ठाणे के व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की गिरफ्त में आए पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की लखन भैया फर्जी एनकाउंटर में सेशन कोर्ट से बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। इस मामले में 22 आरोपियों में से 21 दोषी ठहराए गए थे और उन्हें आजीवन कारावास की सजा हुई है, जबकि अदालत ने प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया था।

# राज्य के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

■ संवाददाता

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है। इसके अनुसार सातवें वेतन आयोग के तहत महंगाई भत्ते की नई दर 1 जनवरी 2023 से लागू होगी। इससे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को 1 जनवरी 2023 से 31 मई 2023 तक का बकाया महंगाई भत्ता जून महीने के वेतन के साथ नकद रूप में प्रदान की जाएगी।

# नर्सें और सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, मरीजों को भारी असुविधा

**भायंदर :** मीरा-भायंदर में आए दिन नई-नई परियोजनाओं का उद्घाटन कर विकास का स्वांग करने वाली राज्य सरकार की कलई खुल गई है। पिछले तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण मीरा-भायंदर के एक मात्र सरकारी बड़े अस्पताल की नर्सें और सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि भायंदर पश्चिम में पंडित भीमसेन जोशी (टेंबा) अस्पताल है। जिसका निर्माण वर्ष २०१६ में मनपा द्वारा किया गया था। चूंकि महानगरपालिका इस अस्पताल को वित्तीय रूप से चलाने में असमर्थ थी, इसलिए इसे २०१९ में राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया था। तब से इस अस्पताल को संचालित



करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने ली है। कोरोना काल के दौरान इस अस्पताल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए सरकार द्वारा डॉक्टरों और नर्सों के स्वीकृत पदों को भरा गया था। इसके अलावा अनुबंध के तहत डॉक्टरों और नर्सों व सफाई कर्मचारियों की भी नियुक्त हुई थी। लेकिन प्रशासन ने अस्पताल के प्रबंधन को संभालने में पूरी तरह से उपेक्षा की है। नतीजतन, अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की कमी हो गई है और अनुबंध पर काम कर रही नर्सों को वेतन मिलना मुश्किल हो गया है। वर्तमान में अनुबंध पर ५५ नर्सें काम कर रही हैं,जबकि केवल १० सफाई कर्मचारी हैं। जिन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया है। इसके अलावा, यही स्थिति पिछले दो वर्षों से लगातार बनी हुई है। इन कर्मचारियों ने सात दिन पहले चेतावनी दी थी कि वेतन नहीं मिला तो वे काम पर आना बंद कर देंगे तथा उन्हें अभी तक वेतन नहीं मिला जिसके कारण उन्होंने हड़ताल पर जाने का पैछसला किया है। इस वजह से अस्पताल में मैनपावर की भारी कमी हो गई है और मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।




# कई लाइनों पर मुंबई लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**मुंबई।** रविवार को कई लोकल ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। रेलवे ने बताया कि रखरखाव कार्य की वजह से सेंट्रल लाइन और हार्बर लाइन पर सेवाएं प्रभावित रहेंगी। साथ ही वेस्टर्न लाइन पर भी ट्रेनें प्रभावित रहेंगी, क्योंकि वहां मरम्मत कार्य चलेगा। रेलवे ने कहा कि ट्रांसहार्बर लाइन और उरण लाइन पर सभी ट्रेन सेवाएं सुचारू रूप से चलेंगी। इस वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी।

रेलवे ने बताया कि रविवार सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.15 बजे के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से चलने वाली डाउन स्लो ट्रेनों को मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच



फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया गया, जिसे बाद में डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट कर दिया गया। ट्रेनें निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंची।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) की ओर जाने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक पनवेल से रवाना हुईं। इसके साथ ही, सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक पनवेल से ठाणे की ओर जाने वाली सभी अप ट्रांसहार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक ठाणे से पनवेल की ओर जाने वाली सभी डाउन ट्रांसहार्बर लाइन सेवाएं रद्द कर दी गयी। रेलवे ने बताया कि बेलापुर/नेरुल और खारकोपर के बीच ट्रेन सेवाएं निर्धारित समय से चलेंगी। ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांसहार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### वेस्टर्न लाइन पर चल रहा मरम्मत कार्य

वेस्टर्न लाइन पर सिग्नलिंग और ओवरहेड उपकरणों के रखरखाव का काम किया जा रहा है। इस वजह से वेस्टर्न लाइन पर पांच घंटे तक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। मालूम हो कि चर्चगेट-मुंबई सेंट्रल रूट पर सुबह 10.35 बजे से दोपहर 3.35 बजे तक सभी ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

## ५,००० करोड़ से अधिक की एफडी का उपयोग विभिन्न विकास कार्यों में किया गया – इकबाल सिंह चहल

**मुंबई :** रविवार को छुट्टी होने के बावजूद आयुक्त ने मुख्यालय का कार्यालय खुलवा दिया। चहल ने आपातकाल जैसी स्थिति होने की बात करते हुए आनन-फानन में मुख्यालय के कार्यालय में प्रेसवार्ता की। मनपा के इतिहास में पहली बार रविवार को आयुक्त ने इस तरह से प्रेसवार्ता की। प्रशासक इकबाल सिंह चहल ने कहा कि मुंबई मनपा के कामकाज का जिम्मा हाथ में लेने के बाद से मनपा की एफडी में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि साल २०२० में ७९,११५ करोड़ की एफडी अब ९१,६९० करोड़ तक पहुंच गई है। हालांकि, पिछले चार महीनों में ५,००० करोड़ से अधिक की एफडी का उपयोग विभिन्न विकास कार्यों में किया गया है, इससे एफडी में कमी आई है।

## मुलुंड में स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा

### पुलिस ने की छापामारी 4 महिलाएं हुई मुक्त



**मुंबई।** मुलुंड पुलिस की हद में ब्लू लोटस स्पा की आड़ में चल रहे देह ब्यापार के धंधे पर पुलिस ने छापामारी कर 4 महिलाओ को मुक्त कराया है।पुलिस ने इस मामले में स्पा के मालक के खिलाफ मामला दर्ज उसकी तलाश शुरू की है।जबकि इस मामले पुलिस ने स्पा के मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड की पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी की उद्योग छेत्र बिल्डिंग शॉप नंबर 23 में खुले स्पा के अंदर देह ब्यापार का धंधा शुरू है।

इस सुचना को पक्की करने के लिए पुलिस ने ब्लू लोटस नामक स्पा में नकली ग्राहक भेज कर पहले खबर को पक्का किया उसके बाद पुलिस ने छापामारी की है। जहां से 4 महिलाएं पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस ने इस मामले ब्लू लोटस स्पा के मालक व मैनेजर के खिलाफ अपराध क्रमांक 387/2023 भादवी 370 (2),370 (3), 3,4,5 व 34 के तहत मामला दर्ज किया है।इस स्पा में मसाज थेरपी की आड़ में देह ब्यापार कर रही 4 महिलाओ के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें मुक्त कराया है।इस मामले की अधिक जांच मुलुंड पुलिस कर रही है।

## 24 शवों का होगा सामूहिक दाह संस्कार, एक को दफनाने के लिए परिवार को सौंपा जाएगा

### समृद्धि एक्सप्रेस हाईवे पर बस में आग लग जाने से जलकर मरे लोगों की नहीं हो पा रही पहचान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक निजी बस में आग लगने से जलकर मरे 25 लोगों में से 24 का सामूहिक दाह संस्कार किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में से एक का शव दफनाने के लिए परिवार को सौंप दिया जाएगा। शवों की पहचान होना मुश्किल

अधिकारी ने कहा कि चूंकि शनिवार तड़के बस में आग लगने के बाद अधिकांश पीड़ित इतने जल गए थे कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी, इसलिए उनके परिवारों



को उनके डीएनए परीक्षण के बजाय शवों के सामूहिक दाह संस्कार के लिए मनाने के प्रयास किए गए।

### डीएनए परीक्षण में लग जाता ज्यादा समय

सूत्रों के अनुसार, डीएनए परीक्षण एक लंबी प्रक्रिया है जिसमें मृतक की पहचान सुनिश्चित करने में कई दिन लग सकते हैं। बुलढाणा के कलेक्टर एच पी तुम्मोड ने मीडिया को बताया कि आज 24 शवों का सामूहिक दाह संस्कार किया जाएगा और इसकी तैयारी चल रही है। इसके अलावा, एक मृतक का शव दफनाने के लिए परिवार को सौंप दिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, पूर्वी महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में नागपुर-मुंबई ह्रसमृद्धि एक्सप्रेसवेह्न पर शनिवार देर रात करीब 1.30 बजे डिवाइडर से टकराने के बाद निजी बस में आग लगने से 25 यात्रियों की जलकर मौत हो गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में 33 वर्षीय युवक की हत्या




**मुंबई।** मुलुंड पुलिस की हद में एक 33 वर्षीय युवक की हत्या किए जाने की घटना घटी है इस मामले में मृतक युवक का नाम मुकेश गणेश शेट्टी 33 वर्ष बताया जाता है। मुलुंड पुलिस के अनुसार कल रात करीब 12 .45 बजे मुकेश गणेश शेट्टी (33) व यश रामदास कोन्थिटी (21) किसी पुरानी बात पर तू-तू-मैं-मैं हो गई।बात बात में मामला इतना बढ़ गया की यश रामदास कोन्थिटी ने मुकेश पर धारदार हथियार से कई जगह वार कर दिया। जिसके बाद वह गंभीर घायल होकर जमीन पर गिर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने फौरन उसे सावरकर अस्पताल पहुंचाया।जहां उपस्थित डॉक्टरों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया।इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड व सहायक पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे के निर्देश पर मुलुंड पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबरे के मार्गदर्शन में पुलिस यह मामला अपराध क्रमांक 390/2023 भादवी 302 के तहत दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी।

### पिता ने डांटा तो बेटे ने कर दी उनकी हत्या



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पिता की डांट से नाराज एक युवक ने कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या की सजा) के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक युवक (24) का पिता (53) बॉलीवुड के किसी अभिनेता के लिए वाहन चालक का काम करता था। युवक को उसके पिता ने किसी बात को लेकर फटकार लगाई थी, जिससे वह बेहद गुस्से में था। युवक ने उपनगरीय अंधेरी में स्थित घर पर अपने पिता पर लोहे की छड़ से हमला किया था।




# हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने की क्षमता रखती है विटामिन डी की खुराक

**मुंबई** : विटामिन डी की खुराक बुजुर्गों में दिल के दौरे जैसी गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने की क्षमता रखती है। इसका खुलासा हालिया अध्ययन में हुआ है। बता दें कि हृदय रोग (सीवीडी) दुनियाभर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। लोगों की आयु जैसे-जैसे बढ़ती है, उन्हें कई तरह की बीमारियां घेरने लगती हैं। उनमें से एक दिल से संबंधित रोग भी है। इस बीमारी के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने की उम्मीद अध्ययन में जताई गई है।

उल्लेखनीय है कि विटामिन डी शरीर में वैष्ठल्शियम और फॉस्फेट के स्तर को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये स्वस्थ हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को बनाए रखने में मददगार साबित होता है। यूके में सरकारी सलाह से पता चलता है कि हर किसी को शरद ऋतु और



सर्दियों के मौसम के दौरान दैनिक विटामिन डी पूरक लेने पर विचार करना चाहिए। अब तक हुए कई अध्ययनों में लगातार विटामिन डी के स्तर और सीवीडी जोखिम के बीच संबंध को प्रदर्शित किया है। हालांकि, इन परीक्षणों में पूरक हृदय संबंधी घटनाओं को रोकने का सबूत पाने में विफल रहे हैं, वहीं हाल ही में ६० वर्ष और उससे अधिक आयु के २१,००० से अधिक व्यक्तियों पर किए गए एक नियंत्रित परीक्षण से पता चला है कि विटामिन डी की खुराक वास्तव में प्रमुख हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को कम कर सकती है। बीएमजे में प्रकाशित अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया कि पूर्ण जोखिम अंतर छोटा था, लेकिन अपनी तरह के अब तक के सबसे बड़े परीक्षण के रूप में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल पर शोधकताओं ने इन निष्कर्षों के आधार पर आगे के मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया। हालांकि, उन्होंने कहा है कि विटामिन डी खुराक से प्रमुख हृदय संबंधी बीमारियों की घटनाओं में कमी आ सकती है। क्वींसलैंड में क्यूआईएमआर बर्गोफर मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा अपने जनसंख्या स्वास्थ्य कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित परीक्षण २०१४ से २०२० तक चला।

## न्यूज ब्रीफ

### बैग में 13 करोड़ रु, कीमत की कोकीन लेकर मुंबई पहुंचा विदेशी नागरिक, गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 1.3 किलो कोकीन जब्त की है। इस कोकीन की अनुमानित कीमत



12.98 करोड़ रुपए है। कस्टम विभाग ने एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कोकीन को एक बैग में छिपाकर लाया जा रहा था। गौरतलब है कि मुंबई एयरपोर्ट पर ही कस्टम विभाग ने इसी साल जनवरी में भी 28 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त की थी।

### पड़ोसी ने चाकू घोंपकर युवक की हत्या की, गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के पूर्वी उपनगर मुलुंड में आपसी विवाद को लेकर 33 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसी ने रविवार को कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सिद्धार्थ नगर में सिविक मार्केट के पास स्थित स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) की एक इमारत में हुई। उन्होंने कहा कि मुकेश शेट्टी नाम के व्यक्ति की उसके 21 वर्षीय पड़ोसी ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। अधिकारी के मुताबिक, दोनों के बीच कुछ महीने पहले झगड़ा हुआ था और आरोपी कथित तौर पर पीड़ित के प्रति द्वेष रखता था। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पुलिस अधिकारी नीलेश अष्टेकर पर महिला के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप

**पुणे।** पुणे में राज्य गुप्त सूचना विभाग में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत नीलेश अशोक अष्टेकर ने पुणे सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। शनिवार को अष्टेकर की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। उनके खिलाफ एक महिला ने यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पुणे के भारतीय विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में अष्टेकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। पिछले दिनों बांबे हाई कोर्ट की वकील चित्रा सालुंखे ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लिखित शिकायत कर पुलिस अधीक्षक नीलेश अष्टेकर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

## राशन देने की आड़ में 65 वर्षीय वृद्धा के आभूषण की छिनैती

**मुंबई।** भांडुप पुलिस की हद में एक 65 वर्षीय बृद्ध महिला को राशन देने के लिए बातचीत कर उसे अपने झांसे लेकर उसके आभूषण लेकर रफू चक्कर होने की घटना घटी है ।इस मामले में पुलिस दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार इंद्रावती भागवत गुप्ता (65) नामक महिला अपने किसी निजी काम के लिए 30 जून को दोपहर 1 बजे के करीब भांडुप तुलशेत पाडा जा रही थी। रास्ते में उसे 30 से 35 वर्ष का युवक मिला और उसे बोला की आंटी हमारे साथ चलो आगे राशन मुफ़्त में मिल रहा है ।उक्त युवक बृद्धा को अपनी बातो में उलझा कर उसे एक जगह बैठा दिया।



जहां दूसरा एक 30 से 35 वर्ष का युवक आया और बोला आप इतना सारा आभूषण पहन कर रखी हो तो आपको राशन नहीं मिलेगा ।सब आभूषण निकालकर थैली में रखो तब राशन देंगे। उसकी बातो में आकर इंद्रावती गुप्ता ने सब आभूषण निकाल कर जब थैली में रखी तो दोनों युवक उसे अपनी बातो में उलझा कर उसका थैली ले लिए और उसे दूसरी थैली थमा कर फरार हो गए। उसके बाद इंद्रावती गुप्ता नामक उक्त बृद्धा की शिकायत पर भांडुप पुलिस मामला दर्ज कर फरार दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

## 12 लाख लेकर फरार पंप कैशियर हुआ गिरफ्तार




**मुंबई।** घाटकोपर पूर्व स्थित कामराज नगर के महानगर गैस पंप का कैशियर 12 लाख 4 हजार 291 रूपए लेकर फरार हो गया है। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर पंतनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंतनगर पुलिस की हद के कामराज नगर में महानगर गैस का पंप हैं ।इस पंप पर संतोष गुलाब माने नामक युवक कैशियर का काम करता था ।पंप के नियम के अनुसार जो कैश रोज जमा होता था उसे दूसरे दिन कैश वैन में ले जाकर बैंक में डिपॉजिट करने का काम संतोष माने करता था ।जिसमे 10,20 व 50 की जो नोट रहते थे उन्हें दुकानों पर देकर बदली करने का काम भी संतोष माने ही करता था ।इस तरह से उसने अगस्त 2022 से अक्टूबर 2022 के बीच कुल 12 लाख 4 हजार 291 रुपए का अपहार किया था।

बताया जाता है की जब भी पंप प्रबंधन के लोग माने से पैसे के बारे में पूछते थे तो वह बदली करने दिया है ऐसा बोलकर सबको चकमा दे देता था। उसके बाद जब पंप संचालक उससे जादा तकादा करने लगे तो उसने पंप पर आना ही बंद कर दिया। जिसके बाद पंप के संचालक संतोष बद्रीप्रसाद दुबे ने इस मामले की शिकायत पंतनगर पुलिस स्टेशन में पुलिस उपनिरीक्षक प्रह्लाद मदने के माध्यम से दर्ज कराई ।इसकी भनक लगते ही संतोष माने फरार हो गया था ।इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्रह्लाद मदने ने काफी खोजबीन कर संतोष माने को गिरफ्तार कर लिया है ।अब मामले में माने द्वारा गबन किए गए 12 लाख रुपए की रिकवरी के लिए पीएसआई मदने व उनकी टीम काम कर रही है।

## नेत्रहीन महिला के गले से चैन स्नैचिंग कर भाग रहे चोर को रिक्शे वाले ने पकड़ा



**बोरीवली।** पुलिस ने एक ऐसे शातिर चैन स्नैचर को गिरफ्तार किया है। जो बोरीवली पश्चिम एसवी रोड पर जा रही नेत्रहीन महिला के गले से चैन स्नैचिंग करके भाग रहा था। तभी रास्ते से गुजर रहे एक रिक्शा चालक ने चैन स्नैचर को दौड़ाकर रंगे हाथ पकड़कर बोरीवली पुलिस स्टेशन को सुपुर्द कर दिया। बोरीवली पुलिस द्वारा चैन स्नैचर की झड़ती में 8 ग्राम सोने का चैन बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम अबुजर अब्दुल रेहमान सय्यद (36) है। जो नालासोपारा का रहने वाला है। आरोपी के ऊपर मुंबई के अलग-अलग स्टेशनों में 11 से ज्यादा चैन स्नैचिंग और चोरी का मामले दर्ज है।




मध्य प्रदेश में आज दिखेगा पीएम का ठेठ देहाती अंदाज

# शहडोल में सिकलसेल एनीमिया मिशन करेंगे लांच, जनजातीय समुदाय के कार्यक्रम में भी होंगे शामिल

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को शहडोल के दौरे पर रहेंगे। मोदी लालपुर में सिकलसेल एनीमिया मिशन को लॉन्च करेंगे। वे 1 करोड़ पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण करेंगे। इसके बाद 6 किलोमीटर दूर पकरिया गांव जाएंगे, जहां जनजातीय समुदाय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री दोपहर 3.25 बजे लालपुर आएंगे और शाम 6.40 बजे लौटेंगे। शहडोल का मौसम लगातार बदल रहा है। कभी आसमान साफ तो कभी रिमझिम बारिश हो रही है। इसको देखते हुए प्रशासन ने दोनों तरह से तैयारी कर रखी है। यदि कोई अड़चन आती है तो पीएम वर्चुअली भी कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। इससे पहले पीएम मोदी 27 जून को शहडोल जिले के इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे, लेकिन भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए उनका दौरा निरस्त कर दिया गया था। दोपहर 3.25 बजे लालपुर हेलीपैड पर आगमन 3.30 से 4.45 बजे तक लालपुर में सभा शाम 4.50 बजे लालपुर से पकरिया प्रस्थान 5 से 6.25 बजे तक पकरिया में जनजातीय समुदाय का कार्यक्रम 6.30 बजे पकरिया से लालपुर हवाई पट्टी प्रस्थान 6.40 बजे लालपुर हवाई पट्टी से प्रस्थान पकरिया





गांव के जल्दी टोला में क्रू के भोज की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मेन्यू में 17 प्रकार के पकवानों को शामिल किया गया है। इनमें रोजलेट्टा (अमरू) का शरबत, बेल का शरबत और आम का पना शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री को परोसी जाने वाली थाली में कोदो भात, कुटकी खीर, ज्वार और मक्के की रोटी, इंद्रहर की कढ़ी, कमल ककड़ी की सब्जी, हल्दी का अचार और महुआ के व्यंजन, खीर या लड्डू भी शामिल किए गए हैं। शहडोल संभाग के कमिश्नर राजीव शर्मा ने बताया कि क्रू नरेंद्र मोदी के लिए जो देसी पकवान तैयार किए जाएंगे, उन्हें गांव के चूल्हे पर ही तैयार किया जाएगा। प्रधानमंत्री समेत करीब 20 मेहमानों के लिए भोजन तैयार किया जाएगा। इस भोजन की जांच क्रू के सुरक्षा मानकों के अनुरूप की जाएगी। लालपुर में जनसभा के मंच पर जनजातीय समुदाय को ही फोकस किया गया है। जिस मंच से क्रू नरेंद्र मोदी देश को संबोधित करेंगे, उस पर जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को विशेष महत्व दिया जाएगा। वीरांगना रानी दुर्गावती के साथ शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंट्या भील और बिरसा मुंडा जैसे नायकों की प्रतिमा लगाई जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस गांव में बैठकर पूरे देश को महिला सशक्तीकरण का पाठ पढ़ा रहे होंगे, वह पकरिया गांव महिलाओं को उनका अधिकार देने में बहुत आगे है। एक ओर जहां पंचायत की कमान महिलाओं के हाथ है, वहीं गांव में 200 से ज्यादा लखपति बहनें भी हैं। बुढ़ार जनपद अंतर्गत आने वाले पकरिया पंचायत की वर्तमान सरपंच जनजातीय समुदाय की एक महिला ही है। गांव की जनता ने ग्राम पंचायत में उप सरपंच का दायित्व भी एक महिला को सौंप रखा है। सरपंच गेंदाबाई बैगा लगातार 5 साल सरपंच रहने के बाद दोबारा गांव की कमान संभाल रही हैं। उप सरपंच रेखा दीपक चौधरी भी वर्तमान और पिछली पंचवर्षीय से निर्विरोध उप सरपंच का दायित्व संभालती चली आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पकरिया गांव में आम के बगीचे में 362 लोगों से संवाद करेंगे। इनमें पेसा एक्ट से संबंधित 62, जनजातीय समाज के 100, स्व सहायता समूह की 100 महिला सदस्य और और फुटबॉल क्लब के 100 खिलाड़ी होंगे। इनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग तरीके से बात करेंगे। इसके अलावा वे जनजातीय समुदाय के 26 लोगों के साथ भोजन करेंगे। क्रू को जनजातीय समुदाय की परंपरा के अनुसार गिफ्ट देने की भी तैयारी है। डिंडोरी निवासी पद्मश्री विजेता अर्जुन सिंह बैगा नृत्य के बाद क्रू मोदी को कलगी भेंट करेंगे। प्रधानमंत्री का विदाई गिफ्ट भी बैगा आर्ट ही होगा, जिसे उमरिया की रहने वाली पद्मश्री अवार्ड विजेता जोधईया बाई ने तैयार किया है। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश सरकार ने डिंडोरी जिले के कलाकार अर्जुन सिंह को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया है। क्रू नरेंद्र मोदी का स्वागत जनजातीय समाज के प्रसिद्ध अगुवानी नृत्य से किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी पारंपरिक गोंड जनजातीय गुदुम बाजा नृतक दल बीजापुरी नंबर एक गांव को सौंपी गई है। अनूपपुर जिले के इस दल के प्रमुख शिव प्रसाद धुर्वे बताते हैं कि यह नृत्य औसतन 15 मिनट का होता है, जिसे समय के अनुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है।

दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ग्वालियर में आज

# मेला ग्राउंड पर होगी आप की जनसभा, एक लाख कार्यकर्ता होंगे शामिल

**ग्वालियर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल शनिवार को ग्वालियर में मेला ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में प्रदेश के अलग - अलग क्षेत्रों के 1 लाख से ज्यादा कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा आप की स्टेट टीम ने किया है। आम आदमी पार्टी की स्टेट टीम के सदस्यों ने बताया कि सीएम अरविंद केजरीवाल ग्वालियर शनिवार शाम 3.15 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह सर्किट हाउस जाएंगे। जहां पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल सहित अन्य नेताओं से चर्चा करेंगे। पार्टी के नेताओं से मुलाकात के बाद सीएम केजरीवाल शाम 4 बजे मेला ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां प्रदेश के अलग - अलग क्षेत्र से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मप्र में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआज करेंगे। सीएम



केजरीवाल शाम 5 बजे तक जनसभा में रहेंगे। जबकि शाम 5.30 बजे विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। आम आदमी पार्टी इसी साल नवंबर - दिसंबर में होने वाले मप्र के विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। जनसभा की तैयारियों में जुटे पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि सीएम केजरीवाल शनिवार को होने वाली जनसभा में मप्र विधानसभा चुनाव में जीतने पर दिल्ली और पंजाब के डेवलपमेंट का फार्मूला लागू किए जाने की चुनावी घोषणा कर सकते हैं। साथ ही पार्टी के मप्र विधानसभा चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ने का एलान भी जनसभा में सीएम केजरीवाल कर सकते हैं।

## लंपी वायरस का संक्रमण

**सागर।** शहर सहित गांवों में गायों को लंपी वायरस का संक्रमण हो रहा है। बारिश में इसके और तेजी से फैलने की आशंका जताई जा रही है। यह संक्रमण दो तीन महीने पहले तक कुछ जानवरों में था लेकिन अब यह शहर सहित गांव व डेयरियों के पशुओं में देखने को मिल रहा है। यह गौशालाओं में हो जाता है तो स्थिति भयाभय होने की आशंका जताई जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के अफसरों का दावा है कि वैक्सीनेशन किया जा रहा है। बावजूद इसके संक्रमण रुक नहीं रहा है। चलित पशु चिकित्सा इकाई भी इन पशुओं का इलाज नहीं कर पा रही है। शहर पशुपालकों के मुताबिक शनीचरी, मकरोनिया, गोपालगंज, तिली आदि सहित शहर के सभी क्षेत्रों में लंपी वायरस के संक्रमण वाले जानवर मिल रहे हैं। पशुओ के लिए काम कर रही पशु सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि हर जगह लंपी वायरस से प्रभावित नए जानवर मिल रहे हैं। शहर के सभी क्षेत्रों व गांवों में वायरस का प्रकोप है।

दिग्विजय के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई आज

# बी जे पी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की शिकायत पर दर्ज हुआ है मामला



**भोपाल।** भोपाल का एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट कांग्रेस के सीनियर लीडर व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में शनिवार को सुनवाई करेगा। मामला साल 2014 में दिए गए दिग्विजय के एक बयान से जुड़ा है। इसमें उन्होंने बीजेपी नेता वीडी शर्मा को बिचौलिया कहा था। शर्मा के आवेदन पर कोर्ट ने 5 दिसंबर 2022 को धारा 500 के तहत दिग्विजय सिंह पर केस दर्ज किया था। आईपीसी की इस धारा में 1 से 2 साल की सजा का प्रावधान है। बीजेपी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कोर्ट में शिकायत दी थी कि दिग्विजय ने 4 जुलाई 2014 को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के सामने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। दिग्विजय ने कहा था कि वीडी शर्मा,क्क्क के महामंत्री रहे हैं। उन्होंने व्यापमं घोटाले में बिचौलिए का काम किया है। इस बयान को आम लोगों द्वारा पढ़ा और सुना गया है। इससे उनकी छवि धूमिल हुई है। कोर्ट द्वारा दिग्विजय पर आरोप तय कर दिए गए हैं।

# गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट पकड़ाया

**ग्वालियर।** ग्वालियर की महाराजपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक गेस्ट हाउस पर छापामार कार्रवाई करते हुए सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया है, पुलिस को मौके से कुछ आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है साथ ही पुलिस इस गिरोह में अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। ग्वालियर की महाराजपुरा थाना पुलिस ने शुक्रवार रात देह व्यापार का रैकेट संचालित कर रहे बालाजी गेस्ट हाउस पर रेड मारी थी। रेड के दौरान पुलिस को गेस्ट हाउस से तीन पुरुष एक महिला को हिरासत में लिया है, इस रैकेट को गेस्ट हाउस संचालक और एक दलाल चला रहे थे यह दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश इलाहाबाद से महिलाओं को कांटेक्ट पर लाकर देह व्यापार का धंधा चला रहे थे पुलिस को गेस्ट हाउस के कमरे से कुछ यूज किए हुए कंडोम और कुछ आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह और भाजपा नेता की गुप्त मीटिंग

# बैठक का वीडियो हुआ वायरल, शिकायत संगठन तक पहुंची ...

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू का वीडियो सामने आने के बाद अब भाजपा में हड़कंप मच गया है। हालांकि पूर्व मंत्री का कहना है कि मेरी दिग्विजय सिंह के साथ जो बैठक थी वह सामान्य थी। इसको लेकर पूर्व मंत्री की शिकायत प्रदेश संगठन तक पहुंच गई है। ऐसे में समझा जा सकता है कि आने वाले समय में पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री और पश्चिम विधानसभा से विधायक रहे हरेंद्रजीत सिंह बब्बू के बगावती तेवर को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी उनसे धीरे-धीरे किनारा



करना शुरू कर दिया है। जबलपुर के नगर अध्यक्ष प्रभात साहू का कहना है कि जिस पार्टी ने उन्हें 5 बार टिकट दी और वह तीन बार के विधायक रहे, इतना ही नहीं उन्हें मंत्री के पद से भी नवाजा गया। ऐसे में जब चुनावी समय आया है तो वह पार्टी संगठन को मजबूत करने की वजह विपक्षी पार्टी के नेताओं से मिलकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि मैं भी पिछले 25 सालों से पार्टी के लिए काम कर रहा हूं, मैंने भी कई बार टिकट भी मांगी लेकिन मुझे टिकट नहीं दी गई। इसके बावजूद भी मैं लगातार पार्टी और संगठन के लिए काम कर रहा हूं। प्रभात साहू का कहना है कि मेरे परिवार वालों ने भी मीसाबंदी के दौरान जेल में सजा काटी, लेकिन आज तक मैंने कभी भी अपने परिवार वालों, अपने पूर्वजों के नाम पर पार्टी या संगठन को ब्लैकमेल करने की कोशिश नहीं की है। भाजपा नगर अध्यक्ष का कहना है कि बीते कुछ महीनों से वह( हरेंद्रजीत सिंह) लगातार ना सिर्फ पार्टी संगठन बल्कि हमारे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ भी अनर्गल बयान दे रहे हैं, जिसको लेकर अब हमने तय किया है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं को इस पूरे मामले से अवगत करवाया जाए। प्रभात साहू ने कहा कि इस समय जबकि चुनावी समय है और हमें पार्टी - संगठन को मजबूत करना है, लेकिन हरेंद्रजीत सिंह इस समय कह रहे हैं कि मुझे प्रदेश अध्यक्ष से जान का खतरा है, यह बहुत ही गंभीर विषय है जिसको लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के अन्य नेताओं से भी इस पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। प्रभात साहू ने कहा कि पूर्व विधायक हरेंद्रजीत सिंह बब्बू शायद यह भूल गए हैं कि आज पूरे प्रदेश में, संगठन में अगर उनका नाम है तो वह भाजपा के ही कारण है। चुनावी समय में उन्हें पार्टी को मजबूत करना चाहिए, लेकिन वह इसके विपरीत ही कर रहे हैं। उनके इस बयान को लेकर जल्द ही पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी अवगत कराया जाएगा।






# इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी राजकुमार-जाह्नवी की फिल्म
# 'मिस्टर एंड मिसेज माही'



**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में इन दिनों लगातार फिल्मों की रिलीज डेट अनाउंस हो रही है। कई ऐसी फिल्में भी हैं जिनकी रिलीज डेट में बदलाव किया जा रहा है। इसी बीच राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की भी रिलीज डेट की घोषणा हो गई है। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद दोनों स्टार्स के फैंस काफी खुश हैं। ये दूसरा मौका है जब दोनों स्टार्स एक साथ फिल्म में नजर आएंगे। आइए जानते हैं कि राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' कब सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की रिलीज डेट पर अपडेट दिया है। ट्वीट के मुताबिक ये फिल्म साल 2024 में 15 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी शरण शर्मा के पास है। गौरतलब है कि शरण शर्मा ने जाह्नवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्ल' का डायरेक्शन किया था। बताते चलें बीती 30 अप्रैल को राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की इस फिल्म की शूटिंग खत्म हुई थी। जाह्नवी कपूर ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी थी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के अलावा 'बवाल', 'देवरा' और 'उलझ' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। जाह्नवी कपूर पिछली बार साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'मिली' में दिखाई दी थीं। वहीं, राजकुमार राव फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के अलावा फिल्म 'श्री' में नजर आएंगे। राजकुमार राव पिछली बार मार्च, 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'भीड़' में काम करते दिखाई दिए थे। बताते चलें कि फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' से पहले राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर एक साथ फिल्म 'रूही' में नजर आए थे।

# सुहाना की बॉलीवुड एंट्री से डर गई अनन्या!

**सुपरस्टार** शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान जल्द अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली हैं. उनकी पहली फिल्म द आर्चीज रिलीज होने के लिए तैयार है. इसके साथ ही खबर आई थी कि वो अपने पिता शाहरुख के साथ एक फिल्म करने वाली हैं. इसी बीच उनकी सबसे अच्छी दोस्त और अनन्या पांडे भी अपने इत्र्क्षको स्क्रीन पर देखने के लिए एक्साइटेड हैं. अनन्या का कहना है कि वो इससे काफी खुश हैं और वो सुहाना के बॉलीवुड एंट्री से घबराई हुई नहीं है.

शोशा के साथ खास बातचीत में अनन्या पांडे ने कहा कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान अपने डेब्यू को लेकर कॉन्फिडेंट हैं. अनन्या ने कहा कि सुहाना घबराई हुई नहीं है. उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि वो जो करती हैं उसमें बहुत अच्छी हैं इसलिए मैं वास्तव में उसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं. द आर्चीज के टीजर के बाद हर कोई उन्हें पसंद कर रहा है.'

अनन्या ने इस बात को स्वीकार किया है कि बॉलीवुड में सुहाना की एंट्री से कंपटीशन बढ़ेगा. हालांकि, अनन्या ने ये भी कहा कि ये प्रेरणादायक होगा क्योंकि यह उन्हें और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा. अनन्या ने कहा 'मैं असुरक्षित महसूस नहीं करती, मैं कंपटीशन महसूस करती हूं. मेरा मानना है कि हेल्दी कंपटीशन होना अच्छा है क्योंकि ये आपको प्रेरित रखती है. इससे मुझे और भी ज्यादा मेहनत करने की इच्छा होती है.'

बता दें कि सुहाना खान जल्द ही जोया अख्तर के डायरेक्शन में बानी मच अवेटेड फिल्म द





आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं. हालांकि फिल्म के आने से पहले ही उनकी गिनती इंडस्ट्री के सक्सेसफुल स्टारकिड्स में होती है. उनके हाथ कई बड़ी डील्स लग चुकी हैं.

वहीं सुहाना और अनन्या की दोस्ती की बात करें तो दोनों स्टारकिड्स काफी क्लोज फ्रेंड हैं. बचपन से वो इत्र्क्षहैं और आए दिन एक दूसरे के साथ पार्टी में स्पॉट होती हैं. दोनों एक दूसरे के साथ प्यारी फोटो भी शेयर करती रहती हैं.

# जब बिपाशा-अमीषा में छिड़ गई थी जबरदस्त जंग

**मशहूर** एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गदर 2 को लेकर खबरों में हैं। उन्होंने फिल्म प्रोड्यूसर अनिल शर्मा पर हाल ही में कई आरोप लगाए थे। यह पहला अवसर नहीं है जब अमीषा अपने बयान को लेकर खबरों में आई हों। पहले भी उनकी कैटफाइट के किस्से लोकप्रिय रहे हैं। अब बिपाशा बसु का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने अमीषा पटेल के एक कमेंट का जवाब दिया था। अमीषा पटेल एवं बिपाशा बसु के बीच बयानबाजी का ये किस्सा बहुत पुराना है।



अब उनकी फिल्म गदर की रिलीज के पहले वीडियो फिर से वायरल है। इस वीडियो में बिपाशा कॉफी विद करण में नजर आ रही हैं। करण उनको अमीषा पटेल के बयान की याद दिलाते हैं। करण बोलते हैं, उन्होंने आपकी फिल्म जिस्म पर कमेंट किया था

वह कभी ये फिल्म न करतीं क्योंकि उनकी दादी को यह पसंद नहीं आता। वही इस पर बिपाशा ने जवाब दिया, पहली बात अमीषा के पास ऐसे गुण ही नहीं हैं कि वह जिस्म जैसी फिल्म करें। बहुत ईमानदारी से हूं तो मैं जिस्म में अमीषा को

कास्ट ही नहीं करती। इसके लिए आपको एक औरत होने की आवश्यकता है, एक पूरा पैकेज। केवल शरीर से ही नहीं आपकी पर्सनैलिटी भी स्ट्रॉन्ग होनी चाहिए। मुझे लगता है कि वह बहुत छोटी सी हैं। उनका फ्रेम ही गड़बड़ है। वह जिस्म जैसी

फिल्म में फिट ही नहीं होंगी। इस पर करण कहते हैं, मगर उन्होंने आपके हिप्स के बारे में भी कुछ बोला था। इस पर बिपाशा कहती हैं, वो बड़े थे, मैं इसका बुरा नहीं मानती। मैं अमीषा का आभार जताना चाहती हूं कि उन्होंने कहा कि मेरे हिप्स बड़े थे। अब ये छोटे हो गए हैं। इसी एपिसोड में लारा दत्ता ने भी कहा था कि अमीषा लोगों पर कमेंट करती रहती हैं। ये सब सुनने में अच्छा नहीं लगता।



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com